**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या:1349**

**06 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में कैंसर की जांच और अवसंरचना**

**†1349. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा राव:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में सामान्य कैंसर की जांच हेतु पात्र आबादी की जांच की लागत का अनुमान लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्तमान में कैंसर की जांच करने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पूर्व में स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र) की राज्य-वार और आन्ध्र प्रदेश के लिए जिला-वार कुल संख्या कितनी है;
(ग) इन केन्द्रों पर अपेक्षित उपकरणों और प्रशिक्षित कार्मिकों की राज्य-वार और आन्ध्र प्रदेश के लिए जिला -वार उपलब्धता कितनी है;
(घ) क्या सरकार का पिछड़े जिलों में कैंसर की जांच के लिए कार्मिकों के प्रशिक्षण और चिकित्सा अवसंरचना में वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ.) एनसीडी (गैर-संचारी रोग) ट्रैकर में 'स्क्रीन्ड', 'इवैल्यूएटेड', 'डायग्नोस्ड', 'फॉलो-अप', और 'ट्रीटेड' जैसे शब्दों के लिए इस्तेमाल की गई ऑपरेशनल परिभाषा का ब्यौरा क्या है; और
(च) उस प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है जिसके माध्यम से सभी सुविधा केंद्रों और जिलों में कैंसर के मामलों के रेफरल और निदान के बाद प्रबंधन का पता लगाया जा रहा है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को बुनियादी ढांचे, मानव संसाधनों, स्क्रीनिंग, प्रारंभिक निदान, रेफरल, उपचार और एनसीडी की रोकथाम के लिए जागरूकता, को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र आबादी की जांच करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। जांच की लागत आबादी कवरेज,

भौगोलिक परिस्थितियाँ, सुविधाओं की उपलब्धता, मानव संसाधन की तैनाती और अनुमोदित कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के आधार पर राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में भिन्न होती है।

(ख) से (ङ): आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, कैंसर जांच करने के लिए सुसज्जित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) की जिलावार सूची अनुलग्नक 1 में संलग्न है। आंध्र प्रदेश में कैंसर की जांच के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों का जिलावार विवरण अनुलग्नक 2 में संलग्न है। प्रशिक्षण नियमित रूप से अभिविन्यास और पुनश्चर्या प्रशिक्षण के रूप में दिया जाता है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश सरकार गैर -संचारी रोगों (एनसीडी) को ट्रैक करने के लिए निम्नलिखित शब्दावलियों की प्रचालनात्मक परिभाषाओं का उपयोग करती है:-

- जांच किए गए: किसी व्यक्ति विशेष को तब "जांच किया गया" माना जाता है जब उसे मानकीकृत लक्षण की प्रश्नावली दी गई हो और अनुमोदित जांच उपकरण के अनुसार संगत नैदानिक संकेतों के लिए उनकी जांच की गई हो।
- मूल्यांकन: जांच के दौरान लक्षणों या संकेतों के लिए एक या अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया वाले व्यक्तियों को आगे के मूल्यांकन के लिए एक चिकित्सा अधिकारी के पास भेजा जाता है। चिकित्सा अधिकारी इन व्यक्तियों की पुनः जांच करता है और विशेषज्ञ मूल्यांकन की आवश्यकता निर्धारित करता है। जिन्हें आगे मूल्यांकन की आवश्यकता होती है, उन्हें प्रिवेन्टिव ऑन्कोलॉजी यूनिट (पीओयू) में भेजा जाता है, जहाँ विशेषज्ञ परामर्श और निदान संबंधी सेवाएँ उपलब्ध होती हैं।
- <u>निदान किए गए</u>: जो व्यक्ति पीओयू में आते हैं और नैदानिक, रेडियोलॉजिकल और/या पैथोलॉजिकल मूल्यांकन के आधार पर रोग की स्थिति होने की पुष्टि की जाती है, उन्हें "निदान किए गए" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
- <u>फोलो-अप किए गए:</u> विशेषज्ञों द्वारा आकलित ऐसे व्यक्तियों को, जिन्हें निरंतर निगरानी, आवधिक समीक्षा या उपचारोपरांत निगरानी की आवश्यकता होती है, "फोलो-अप के अंतर्गत " वर्गीकृत किया जाता है।

- <u>उपचारित</u>: निदान के बाद, व्यक्तियों को उपयुक्त विभाग या स्पेशलिटी के पास भेजा जाता है, पूर्णत: ठीक होने के बाद इसे उपचारित कहा जाता है।

(च):चिकित्सा अधिकारी द्वारा पहचान किए गए सभी संदिग्ध मामलों को एक समर्पित ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से चिकित्सा महाविद्यालयों में स्थापित प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट (पीओयू) में भेजा जाता है। रोगी के पीओयू पहुंचने से लेकर निदान, फोलो-अप और उपचार की स्थिति तक सभी संदिग्ध मामलों पर नज़र रखी जाती है।

अनुलग्नक I

**आंध्र प्रदेश में कैंसर की सामान्य जांच हेतु सुसज्जित स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों का जिला-वार विवरण**

| क्र.सं. | जिले का नाम | पीएचसी की संख्या | शहरी-पीएचसी की संख्या | एससी-एएएम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | **63** | **0** | 297 |
| 2 | अनकापल्ली | 45 | 9 | 424 |
| 3 | अनंतपुर | 44 | 25 | 433 |
| 4 | अन्नमय्या | 47 | 11 | 375 |
| 5 | बापतला | 43 | 12 | 363 |
| 6 | चित्तूर | 48 | 15 | 464 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 31 | 15 | 368 |
| 8 | एलुरु | 58 | 18 | 463 |
| 9 | गुंटूर | 26 | 47 | 212 |
| 10 | काकीनाडा | 37 | 24 | 410 |
| 11 | कोनासीमा | 46 | 7 | 432 |
| 12 | कृष्ण | 49 | 15 | 357 |
| 13 | कुरनूल | 35 | 28 | 428 |
| 14 | नांदयाल | 51 | 19 | 369 |
| 15 | एनटीआर | 23 | 48 | 257 |
| 16 | पालनाडु | 39 | 26 | 361 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 37 | 5 | 282 |
| 18 | प्रकाशम | 64 | 19 | 538 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 52 | 28 | 497 |
| 20 | श्री सत्य साई | 41 | 18 | 379 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 66 | 13 | 594 |
| 22 | तिरुपति | 58 | 26 | 440 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 8 | 66 | 54 |
| 24 | विजयनगरम | 48 | 18 | 482 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 34 | 18 | 366 |
| 26 | वाईएसआर कडपा | 51 | 30 | 387 |
| **कुल योग** | | **1144** | **560** | **10032** |

अनुलग्नक **II**

**आंध्र प्रदेश में कैंसर की जांच के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों का जिला-वार विवरण**

| क्र.सं. | जिले का नाम | प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीता राम राजू | 532 |
| 2 | अनकापल्ली | 675 |
| 3 | अनंतपुर | 837 |
| 4 | अन्नमय्या | 671 |
| 5 | बापतला | 668 |
| 6 | चित्तूर | 784 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 668 |
| 8 | एलुरु | 843 |
| 9 | गुंटूर | 696 |
| 10 | काकीनाडा | 800 |
| 11 | कोनासीमा | 705 |
| 12 | कृष्णा | 669 |
| 13 | कुरनूल | 893 |
| 14 | नंदयाला | 748 |
| 15 | एनटीआर | 753 |
| 16 | पालनाडु | 762 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 470 |
| 18 | प्रकाशम | 1045 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 1008 |
| 20 | श्री सत्य साईं | 711 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 961 |
| 22 | तिरुपति | 887 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 712 |
| 24 | विजयनगरम | 790 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 688 |
| 26 | वाईएसआर कडपा | 868 |
| | कुल | **19844** |

*****